आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 27.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन सभा का आठवां सत्र आज भारत की मेजबानी में नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हो रहा है।
- राष्ट्रगीत वंदे मातरम की रचना के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में विशेष कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे।
- छठ पूजा के अवसर पर कार्बाइंस कोव तट तक वाहनों की आवाजाही के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।
- द्वीपसमूह में आज और कल भारी वर्षा की चेतावनी—श्री विजयपुरम बंदरगाह पर स्थानीय चेतावनी संकेत—3 लगा दिया गया है।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन सभा का आठवां सत्र आज भारत की मेजबानी में नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हो रहा है। 30 अक्तूबर तक चलने वाले इस सत्र में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के 124 सदस्य देश भाग लेंगे। वैश्विक समुदाय के बेहतर और संधारणीय भविष्य के लिये सौर ऊर्जा अपनाने के प्रयासों में सहयोग बढ़ाने पर विचार—विमर्श होगा। सदस्य देश गठबंधन के प्रयासों में प्रगति और सामने आने वाली चुनौतियों पर भी विचार करेंगे। भारत निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले ही गैर जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों से अपनी कुल स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत हासिल कर चुका है। नवीकरणीय ऊर्जा में भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक और विश्व का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 20 लाख से अधिक परिवार सौर ऊर्जा से लाभान्वित हो रहे हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रगीत वंदे मातरम की रचना के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में विशेष आयोजन होंगे। कल आकाशवाणी से प्रसारित मन की बात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि इस वर्ष 7 नवम्बर को राष्ट्रगीत वन्दे मातरम अपनी रचना के 150वें वर्ष में प्रवेश करेगा। सात नवंबर 1876 को महान उपन्यासकार बंकिमचन्द्र चैटर्जी ने इस गीत की रचना की थी और इसे अपने उपन्यास आनंद मठ में शामिल किया था। गुरुदेव रविन्द्र नाथ टैगोर ने पहली बार 1896 में इसे गाया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से वंदे

मातरम की 150वें वर्ष को अविस्मर्णीय बनाने का आग्रह करते हुए कहा था कि आने वाले दिनों में देश में इससे संबंधित अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

<><><><><><><>

22 सितंबर को जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हुई, जब नरेंद्र मोदी सरकार ने कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती की। इससे देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ।

<><><><><><><>

रंगत बाज़ार में अटल बिहारी वाजपेयी सभागार और मुरुगन मंदिर के पास कल सुबह 1 बजे भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में 18 व्यावसायिक प्रतिष्ठान पूरी तरह से नष्ट हो गए, जबकि कुछ घरों को आंशिक क्षति हुई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त सुशांत पाधा ने स्थिति का जायजा लेने के लिए प्रभावित स्थल का दौरा किया। उन्होंने पीड़ितों से बातचीत हर संभव प्रशासनिक सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित विभागों को जांच, नुकसान का आंकलन करने और प्रभावितों को मुआवजा जारी करने का आदेश दिया। सांसद बिष्णु पद रे ने संबंधित अधिकारियों से पीड़ितों को जल्द से जल्द आवश्यक राहत और पुनर्वास सहायता प्रदान करने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

छठ महापर्व का आज तीसरा दिन है। आज श्रद्धालु व्रती डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। कल उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पण के साथ ही चार दिन का यह पर्व संपन्न होगा। द्वीपसमूह में छठ पूजा के अवसर पर कार्बाइंस कोव तट तक वाहनों की आवाजाही के लिए व्यवस्था की गई है। कार्बाइंस चौक जंक्शन से मजार पहाड़ तक के मार्ग को एकतरफा घोषित किया गया है। मजार पहाड़ से कार्बाइंस कोव बीच की ओर दोपहिया वाहनों को छोड़कर किसी भी वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी। इस अवधि के दौरान भारी मालवाहक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। हालाँकि, आवश्यक सेवाओं में लगे वाहनों को इस प्रतिबंध से छूट दी जाएगी। चक्करगांव स्थित चिल्ड्रन पार्क से कार्बाइंस कोव रोड तक दोपहिया वाहनों को छोड़कर, अन्य वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। यह यातायात प्रतिबंध आज दोपहर दो बजे से लागू होगा, जो कल रात्रि 8 बजे तक प्रभावी रहेगा।

<><><><><><><>

मौसम विभाग के अनुसार आज और कल द्वीपसमूह में एक या दो स्थानों पर तेज़ हवा के साथ भारी वर्षा हो सकती है। हवा की गति 40 से 50 किमी प्रति घंटे तक पहुँचने की संभावना है, जो बढ़कर 60

किमी प्रति घंटे तक पहुँच सकती है। समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को कल तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। श्री विजयपुरम बंदरगाह पर स्थानीय चेतावनी संकेत–3 लगाया दिया गया है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन की ओर से शुरू किए गए साहसिक और पारिस्थितिक पर्यटन को बढ़ावा देने में बैरन द्वीप की यात्रा एक महत्वपूर्ण पहल है। अपनी अगली यात्रा पर जहाज सिंधु अब 14 नवम्बर रात्रि नौ बजे और जहाज नालंदा 28 नवम्बर को रात्रि नौ बजे बैरेन द्वीप जाएगा। टिकट ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से आज सुबह नौ बजे से बुक किए जा सकते हैं। पोर्टल में क्यूआर कोड भी उपलब्ध है।

<><><><><><>

माहव्यापी मानसून पुस्तक वाचन महोत्सव 2.0 का कल समापन हो गया। इस अवसर पर उप–शिक्षा निदेशक राम प्रवेश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में पुस्तकालय के आधुनिकीकरण की चल रही प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। समापन अवसर पर कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें श्री विजयपुरम और विम्बर्लीगंज शैक्षिक अंचल क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों की 18 टीमों ने भाग लिया। 28 सितंबर से शुरू हुए इस महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन किए गए। समारोह के दौरान सेवा पखवाड़ा के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

<><><><><><>

कार निकोबार स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आदिवासी प्रशिक्षुओं को एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना, कार निकोबार की ओर से 15 पेशेवर साइकिलिंग स्किनसूट वितरित किए गए। यह कार्यक्रम कार निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले की अध्यक्षता में आदिवासी युवाओं में खेलों को बढ़ावा देने की एक पहल के तहत आयोजित किया गया था। अपने संबोधन में, जिला उपायुक्त ने युवा एथलीटों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करके द्वीपसमूह का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी और साई के कोच उपस्थित थे।

<><><><><><>

डिगलीपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 'सतत आजीविका और गरीबी उन्मूलन के लिए प्रगतिशील ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देना' पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न ग्राम पंचायतों के ईडब्ल्यूआर, स्वयं सहायता समूह के सदस्य और सीआरपी ने भाग

लिया। इस अवसर पर क्षेत्र के खंड विकास अधिकारी एम. राजेंद्र कुमार ने उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डाला।

**<><><><><><><>**